भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION

सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार **SATISH DHAWAN SPACE CENTRE SHAR**

श्री हरिकोटा SRIHARIKOTA-524 124

तिरूपति जिला (आं.प्र.) TIRUPATI DISTRICT (A.P)

विज्ञापन सं. सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार /भर्ती/02/2024 तिथि 13.12.2024
ADVERTISEMENT No. SDSC SHAR/RMT/02/2024 dated 13.12.2024

सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा (एसडीएससी शार) भारत का अंतरिक्ष द्वार (स्पेस पोर्ट) है एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के मुख्य केंद्रों में से एक है। सुदूर संवेदन, संचार, नौवहन एवं वैज्ञानिक अनुसंधान उद्देश्यों हेतु भिन्न प्रमोचन यानों तथा उपग्रह मिशनों को पूरा करने के लिए यह केंद्र विश्व स्तरीय प्रमोचन आधार संरचना प्रदान करता है। Satish Dhawan Space Centre, Sriharikota (SDSC SHAR), is the Spaceport of India and one of the Lead Centres of Indian Space Research Organisation, Dept of Space, Govt. of India. The Centre provides world class launch base infrastructure to accomplish diverse Launch Vehicle and Satellite missions for Remote Sensing, Communication, Navigation and Scientific research purposes.

2. मौसम विज्ञान सुविधा, एसडीएससी शार, क्षेत्र के लिए अंतरिक्ष प्रमोचन तथा ठोस नोदक उत्पादन हेतु बाधारहित मौसम संबंधित भविष्यवाणी तथा पर्यवेक्षण प्रदान करती है। यह सुविधा प्रमोचन विंड बायसिंग के दिन (डीओएल-डब्ल्यू) निकट वास्तविक समय में जीएसएलवी, पीएसएलवी एवं अन्य प्रयोगात्मक मिशनों हेतु उच्च गुणतापूर्ण वायु का पर्यवेक्षण प्रदान (50 किमी. तक) करती है।/Meteorology Facility, SDSC SHAR is responsible to provide seamless weather forecasts and observations for Space launch and solid propellant production operations over SHAR region. Facility is providing high quality upper air observations (up to 50km) for Day of Launch Wind Biasing (DOL-WB) near real time for GSLV, PSLV and other experimental missions.

3. सुविधा, प्रतिदिन मौसम संबंधित भविष्यवाणी एवं पर्यवेक्षण प्रदान करती है जिसका प्रयोग प्रमोचन आधार पर सुविधा में जोखिम भरे प्रचालनो तथा नियमित जलवायु संबंधी अध्ययन के प्रबंधन हेतु किया जाता है। सुविधा, अंतरिक्ष प्रमोचन एवं आपदा प्रबंधन प्रचालनों हेतु उच्च यथार्थता के साथ ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात की उत्पत्ति तथा दक्षिण पूर्व एवं उत्तर पूर्व मानसून गतिविधियों की मध्यम रेंज भविष्यवाणी भी प्रदान करती है।/Facility, provides everyday weather forecasts and observations, which are used for managing hazardous operations at the launch base, facilities and conduct continuous climatological readings. Facility is also providing Medium Range Forecasts of Tropical Cyclone genesis and SW & NE monsoon activity with high accuracy for Space launch and Disaster management operations

4. निम्नलिखित पदों को भरने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:/Applications are invited in ONLINE mode to fill up the following Post:

| पद कोड<br>**Post Code.** | पद का नाम<br>**Name of the position** | पदों की सं.<br>**No. of positions** | अनिवार्य अर्हताएं<br>**Essential qualifications** | वांछनीय<br>**Desirable** |
|---|---|---|---|---|
| 02 | अनुसंधान सहयोगी<br>Research Associate-I (RA-I) | 01 | मौसम विज्ञान या मुख्य विषय के रूप में समकक्ष विषयों के साथ मौसम विज्ञान/वायुमंडलीय विज्ञान / महासागर विज्ञान/भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/ में पीएचडी<br>Ph.D in Meteorology /Atmospheric Sciences/ Oceanography/ Physics/ Applied Physics With Meteorology or equivalent subjects as the main subject<br>(या/OR)<br>वायुमंडलीय/महासागर/जलवायु विज्ञान से संबंधित विज्ञान उध्दरण सूचकांक (एससीआई) में कम से कम एक शोध पत्र के साथ कम से | कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, लीनक्स आदि एवं वातावरणीय/सामुद्रिक/ जलवायु विज्ञान से संबंधित गहन समीक्षा पत्रिकाओ के प्रकाशन की बेहतर जानकारी। गहन समीक्षा प्रकाशन द्वारा समर्थित मौसम एवं जलवायु मॉडलिंग/पर्यवेक्षणीय तकनीक एवं आंकडे विश्लेषण आदि में प्रमाणित कौशल/ Well acquainted in computer programming, Linux etc and |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कम 3 वर्ष के शोध के अनुभव के साथ वायुमंडलीय विज्ञान/महासागरीय विज्ञान में एमई/एम.टेक<br>ME/M.Tech in Atmospheric Science/Ocean sciences with at least 3 years of research experience with at least one research paper in Science Citation Index (SCI) journal related to Atmospheric/ Oceanic/ Climate Sciences | publications in peer reviewed journals related to atmospheric/oceanic/climate sciences. Demonstrated skill in weather and climate modeling/ observational techniques and data analysis etc supported by peer reviewed publications |

**5. अवधि/Duration:**

अनुसंधान सहयोगी के पद पूर्णतया अस्थाई हैं तथा चयनित अभ्यर्थियों को शुरूआत में तीन वर्ष की अवधि हेतु रखा जाएगा, जिसे परियोजना की वैधता के अनुसार बढाया जा सकता है। लेकिन किसी भी स्थिति में काम करने की अवधि को पांच वर्ष से अधिक नहीं बढाया जाएगा।/The position of Temporary Research Associate is purely temporary and selected candidates shall be engaged initially for a period of three years, extendable upto the validity of the project. In any case, the maximum period of engagement shall not exceed five years.

**6. परिलब्धियां एवं अन्य लाभ/Emoluments & other Benefits:**

₹58000/-रूपए प्रति माह ( समेकित भुगतान) एवं वर्तमान नियमानुसार मकान किराया भत्ता (यदि हॉस्टल में रहने की सुविधा प्रदान नहीं की गई है)। इसके अतिरिक्त, एसडीएससी शार के नियमों के अनुसार अनुसंधान सहयोगी स्वंय के लिए चिकित्सीय लाभ एवं छुट्टी के अधिकारी हैं। चयनित किए गए अभ्यर्भी नियमित कर्मचारियों हेतु लागू लाभ एवं छूटों के अधिकारी नहीं होंगे। सरकार की नीति के अनुसार उपर्युक्त प्रावधान समय-समय पर बदलाव/समीक्षा के अधीन हैं।/ 58,000/- per month (consolidated payment) and House Rent Allowance as applicable(if they are not provided with hostel accommodation). In addition, the Research Associates are eligible for medical benefits for self and Leave entitlement as per the rules of SDSC SHAR. The candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees. The above provisions are liable to change/revise from time to time as per Government policy.

**7. पात्रता मापदंड/Eligibility criteria:**

कम से कम 60% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 के सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ प्रथम श्रेणी में एमई/एमटेक या समकक्ष डिग्री की अनिवार्य अर्हता होनी चाहिए।/Essential qualification of ME/M.Tech or equivalent degree should be in First class with a minimum of 60% marks (aggregate of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale.

65% औसत अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 के सीजीपीए के साथ प्रथम श्रेणी में बीई/बीटेक/एमएससी या समकक्ष डिग्री की पूर्व अर्हता होनी चाहिए।/Pre-qualification of BE/B.Tech/MSc or equivalent degree should also be in First Class with an aggregate of 65% marks (average of all semesters) or CGPA of 6.84 on a 10 Point scale.

8. केवल उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं। परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।/Only passed out candidates are eligible to apply. Candidates awaiting for final result need not to apply.

9. यदि अभ्यर्थी को अंको की जगह ग्रेड/सीजीपीए दिया गया है, इस स्थिति में ग्रेड/सीजीपीए के अंकों के प्रतिशत में रूपांतरण विश्वविद्यालय जहां से डिग्री प्राप्त की गई है, के द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया के आधार पर होगा। ग्रेड/सीजीपीए के अंकों के प्रतिशत में रूपांतरण को साबित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत नियमों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के प्रासंगिक कॉलम में अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से समकक्ष प्रतिशत अंकित करें।/In case the candidates are awarded Grades/CGPA instead of marks, the conversion of Grades/CGPA to percentage of marks would be based on the procedure certified by the University from where they have obtained the Degree. The onus of proving the conversion from Grades/CGPA to percentage of marks would rest with the candidate. Candidates must indicate equivalent percentage in relevant column of online application form as per the norms adopted by the University.

**10. आयु सीमा Age Limit:**

02.01.2025 (ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि) तक 18 - 35 वर्ष आयु, अनु.जा./अनु.ज.जा. के मामले में 5 वर्ष की ऊपरी आयु सीमा में छूट, तथा अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर) के मामले में 3 वर्ष की छूट है। चिन्हित विकलांगता युक्त व्यक्ति (चि.वि.यु.व्य.) तथा भू.पू. सैनिक हेतु आयु में छूट भारत सरकार के आदेशानुसार लागू है। ऊपरी आयु सीमा छूट प्राप्त करने हेतु अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./चि.वि.यु.व्य./भू.पू. सैनिक अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रासंगिक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।/ 18–35 years as on 02.01.2025 ( closing date for receipt of online applications), upper age relaxable by 5 years in case of SC/ST and 3 years in case of OBC(non-creamy layer) candidates. Age relaxation as per Government of India orders is applicable for Persons with Benchmark Disabilities (PWBD) and Ex-Servicemen. SC/ST/OBC/PWBD/Ex-Servicemen candidates should produce relevant Certificate as issued by the competent authorities for availing upper age relaxation.

**11. सामान्य शर्तें/निर्देश General Conditions/Instructions:**

a. अनुसंधान सहयोगी के पद पूर्णतया अस्थाई हैं।/The position of Research Associate is purely temporary.

b. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।/Only short listed candidates will be called for interview.

c. आवेदन फीस का भुगतान/**Payment of Application Fee:**

प्रत्येक आवेदन हेतु₹250/- (दो सौ पचास रूपए मात्र) का गैर-प्रतिदेय आवेदन शुल्क होगा। डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाए। भुगतान लेनदेन के असफल होने या अन्य किसी कारण से अंतिम तिथि/समय के अंदर, यदि अभ्यर्थी आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं कर पाते हैं, तो इस स्थिति में ऑनलाइन भर्ती पोर्टल में उपलब्ध विकल्प "भुगतान करें" पर क्लिक कर के ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण बंद होने के अगले दिन (अर्थात- 03.01.2025 को 1700 बजे से पहले) तक अभ्यर्थी शुल्क का भुगतान कर सकता/सकती है। भुगतान का कोई और अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी परिस्थिति में शुल्क प्रतिदेय नहीं होगा। (ऑनलाइन भुगतान करते समय अभ्यर्थी ध्यान रखें कि विलंबित भुगतानो या असफल भुगतानो हेतु सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र जिम्मेदार नहीं होगा।)/There will be a non-refundable Application Fee of ₹**250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only)** for each application. Fee may be paid online through Debit Card/Internet Banking. If the candidate could not make the payment of application fee due to transaction failure or otherwise within the due date/time, he/she can pay the fee upto the next day of closure of on-line application registration (i.e., before 1700 Hrs on 03.01.2025) by clicking 'Make payment' option available in the on-line recruitment portal. No other mode of payment will be acceptable and the fee will not be refundable under any circumstances. (Candidates making online payment may kindly note that SDSC SHAR shall not be responsible for pending transactions or transaction failures).

**सभी महिलाओं/अनुसूचित जाति (अ.जा.)/ अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) / भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) एवं चिन्हित विकलांगता से युक्त व्यक्ति (चि.वि.यु.व्य.) अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी जाती है। कृपया ध्यान दें, गैर-छूट वर्ग वाले अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करने की स्थिति में उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। परंतु, ऑनलाइन आवेदन के बाद, अभ्यर्थियों कों वैयक्तिक पंजीकरण पुष्टि फॉर्म का डाउनलोड एवं प्रिंट करना होगा जिसमें भविष्य में संदर्भ हेतु अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, विज्ञापन संख्या तथा पद कोड लिखा होगा।/ All Women/Scheduled Caste(SC)/ Scheduled Tribe(ST)/ Ex-Servicemen (ESM) and Persons with Benchmark Disabilities (PWBD) candidates are exempted from payment of Application Fee. Please note that the applications of non-exempted categories without Application Fee will not be considered. However, after registration of application online, the candidates have to download and print the personalized registration confirmation form which will contain the name of the candidate, Registration No., Advertisement No. and post code for future reference.**

d. अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करना आवश्यक है जिसके बिना उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे/Candidates are required to upload the scanned copy of the following documents without which their application will not be accepted.

i) जेपीजी प्रारूप में हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो (6 महीने से अधिक पुरानी न हो) Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) in .jpg format
(Size upto 40 KB & dimensions should be 110 x 140 pixels)

ii) हस्ताक्षर- जेपीजी प्रारूप में Signature- in.jpg format
(20 केबी तक आकार तथा 200 x 50 पिक्सल का आयाम होना चाहिए Size upto 20 KB & dimensions should be 200 x 50 pixels)

iii) एसएसएलसी/एसएससी प्रमाणपत्र-पीडीएफ प्रारूप में SSLC / SSC Certificate- in.pdf format

iv) जिस पद हेतु आवेदन किया है उसके लिए निर्धारित अनिवार्य पात्रता के संबंध में पीडीएफ प्रारूप में समेकित अंक तालिका। यदि राज्य बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान ने समेकित अंक तालिका जारी नहीं की है, वर्ष/सत्र के अनुसार अंक तालिका अपलोड की जाए।/Consolidated marks sheet in respect of essential qualification prescribed for the post applied for in PDF format. In case consolidated mark sheet is not issued by State Board/University/Institution, Year/Semester wise mark sheets may be uploaded.

v) अनु. जा.SC/अनु.ज.जा.ST/अ.पि.व. प्रमाणपत्रOBC Certificate/

vi) चि. वि. से यु. व्यक्तियों हेतु विकलांगता प्रमाणपत्र/Disability Certificate for PWBD candidates/

vii) भूतपर्व सैनिकों हेतु सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/Discharge Certificate for Ex-Servicemen

viii) अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन करते समय उपर्युक्त दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु तैयार रखें/While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same

ix) अपलोड किए गए दस्तावेजों की जांच साक्षात्कार के समय की जाएगी तथा साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति पात्रता प्रदान नहीं करेगी।/The documents uploaded will be verified at the time of Interview and shortlisting of candidates to attend Interview will not bestow eligibility.

नोट: Note:

a) अपलोड किया गया फोटो पूर्णतया स्पष्ट होना चाहिए ताकि अभ्यर्थी को पहचाना जा सके। इसी प्रकार, अपलोड किए गए हस्ताक्षर भी स्पष्ट एवं पठनीय होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। The Photograph uploaded should be very clear to identify the candidate. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to cancellation of candidature.

b) आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड किए बिना प्रस्तुत किए गए ऑनलाइन आवेदनों को अवैध माना जाएगा। Applications submitted without uploading the requisite documents will be treated as Invalid.

e. साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को सूचना अभ्यर्थी की पंजीकृत ई-मेल पर भेज दी जाएगी। अभ्यर्थी हमारी वेबसाइट http://www.shar.gov.inया https://apps.shar.gov.in पर भी अपनी पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि स्पष्ट रूप से भर कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।/**Intimations to the shortlisted candidates for the interview will be sent to registered e-mail of the candidates. They can also download the call letters from our website https://www.shar.gov.in (or) https://apps.shar.gov.in by clearly mentioning their Registration Number and Date of birth.**

f. **<u>चयन प्रक्रिया/Selection Process</u>:** निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है तथा केवल यह ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अर्ह नहीं बनाती है। ऑन-लाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित अन्य मापदंडों तथा शैक्षणिक योग्यता के आधार पर एक पहली स्क्रिनिंग की जाएगी तथा केवल चयनित अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन होगा।/The Qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidate eligible to be called for interview. There will be an initial screening based on the academic performance and other parameters given in the online application and only those who are screened-in will be called for interview. Selection will be made based on performance in the interview.

g. ऑनलाइन जमा किए गए आवेदनों में दी गई जानकारी के साक्ष्य मांगे जाने पर अभ्यर्थियों को प्रस्तुत करने होंगे।/Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when called for.

h. **<u>यात्रा भत्ता/ Travelling Allowance:</u>** की गई यात्रा का साक्ष्य जैसे रेल/बस टिकट या ई-टिकट का प्रिंट आउट प्रस्तुत करने पर साक्षात्कार हेतु केंद्र के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के स्थान तक वेब आवेदन में दिए गए पते से सबसे छोटे रूट द्वारा आने-जाने का रेल की द्वितीय श्रेणी का किराया या सामान्य बस का किराया, जो कोई भी कम हो, प्रदान किया जाएगा।/Outstation candidates called for Interview will be paid to and fro sleeper class Railway Fare or non-AC bus fare, whichever is less; by the shortest route from the address given in the web application to the place of Interview, on production of Railway/Bus Ticket or print-out of e-tickets.

i. वे अभ्यर्थी जो केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्त संस्थाओं, आदि के अधीन कार्यरत हैं उन्हें साक्षात्कार के समय संबंधित नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, ऐसा नहीं करने पर उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। Candidates who are employed under Central / State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc have to submit No Objection Certificate from the Employer concerned at the time of Interview, failing which his / her candidature will be cancelled.

j. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को **अनापत्ति प्रमाण-पत्र** सहित सभी संबंधित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, यदि उपरोक्तानुसार पहले से ही नौकरी में हैं, साक्षात्कार के समय ऑनलाइन जमा किए गए आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में सभी संबंधित दस्तावेज, प्रस्तुत करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी असत्य या गलत पाए जाने पर, अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।/Candidates called for Interview will have to produce all the relevant original documents including **No Objection Certificate**, if employed already as above, in proof of the details furnished in their applications submitted on-line, at the time of interview. If any information furnished in on-line application is found to be wrong or false, the candidate will not be allowed for interview and Travelling Allowance will not be paid

k. उपर्युक्त पदों हेतु आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनापत्ति प्रमाण-पत्र आदि **ऑनलाईन माध्यम द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि 02.01.2025, को धारित/जारी होनी चाहिए।/**The Educational Qualifications, No Objection Certificate etc. which are required for the above posts **should be possessed/ issued as on the last date of receipt of applications through online i.e on 02.01.2025.**

l. वर्तमान में, तैनाती का स्थान सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार है किंतु चयनित अभ्यर्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के भारत में स्थित किसी भी केंद्र/यूनिट में कभी भी तैनात किया जा सकता है।/At present, the place of posting is SDSC SHAR, Sriharikota, but the selected candidates are liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organisation/Department of Space situated in India as and when required.

m. आवेदन करते समय अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता मापदंड एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते है तथा उनके द्वारा दिया गया विवरण सभी तरह से सही है। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंड को पूरा नही करता है और/या अन्य आवश्यकताओं का पालन नही करता है और/या असत्य/गलत जानकारी दी है या कोई व्यवहारिक तथ्य(यों) को छुपाया है, तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा यदि नियुक्ति हो गई है तो ऐसी नियुक्ति को प्रारंभ से ही अशक्त माना जाएगा।/The candidates should ensure while applying that they fulfill the eligibility criteria and other requirements and that the particulars furnished by them are correct in all respects. In case if it is found at any stage of recruitment process that the candidate does not fulfill the eligibility criteria and/or does not comply with other requirements and/or he/she has furnished any incorrect/false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature is liable to be rejected and if appointed, such appointment shall be liable to be held as null and void ab-initio.

n. इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं को पूर्ण करने में असमर्थ एवं अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **जिन अभ्यर्थियों ने समान पद हेतु एक से अधिक आवेदन किए है, उनमें से केवल अंतिम ऑनलाइन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।**/Applications that are not in conformity with the requirements indicated in this advertisement and incomplete applications will not be entertained. **Only the last online application will be considered as final for those applying more than once for the same post.**

o. एसडीएससी शार के पास बिना कोई कारण दिए पदों को न भरने का निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। ऊपर इंगित पदों की संख्या अनंतिम है एवं आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती हैं। SDSC SHAR reserves the right not to fill up all or any of the posts, if it so decides. The number of posts indicated above are provisional and may vary depending on the actual requirements.

p. **भर्ती किए गए अनुसंधान सहयोगी को एसडीएससी शार या भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी अन्य केंद्र/इकाई में नियमित रोजगार हेतु दावा करने का अधिकार नहीं है/The Research Associates recruited will not confer any claim or right for regular employment in SDSC SHAR or any other Centre/Unit of Indian Space Research Organization/Department of Space.**

q. केवल भारत के नागरिक आवेदन करें। Only Indian Nationals need to apply.

r. किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। No interim correspondence will be entertained.

s. किसी भी प्रकार की सिफारिश अपात्रता का आधार होगी। Canvassing in any form will be a disqualification.

t. इस भर्ती अधिसूचना के हिंदी संस्करण के किसी खंड की विवेचना के फलस्वरूप किसी प्रकार की अस्पष्टा / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण में प्रकाशित विस्तृत अनुदेशों को अंतिम माना जाएगा। In case an ambiguity/dispute arises on account of interpretation of any clause in the Hindi version of this Recruitment notification, the instructions as spelt out in the English version shall prevail.

## आवेदन कैसे करें How to apply :

- केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। Applications will be received on-line only.

- ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन एसडीएससी शार की वेबसाइट पर 13.12.2024 (1000 बजे) से 02.01.2025 (1700 बजे) तक उपलब्ध रहेगा। The application for on-line registration will be hosted in the SDSC SHAR website between **13.12.2024 (1000 hours) and 02.01.2025(1700 hours)**.

- पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन के पंजीकरण हेतु 13.12.2024 (1000 बजे) से 02.01.2025 (1700 बजे) के बीच हमारी वेबसाइट https://www.shar.gov.in (या) https://www.apps.shar.gov.in पर जाएं।, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि पंजीकरण से पहले वे वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों को पढ़ लें। Eligible and interested candidates may visit our website at **https://www.shar.gov.in(or) https://apps.shar.gov.in** to register their applications on-line between 13.12.2024 (1000 hours) and 02.01.2025 (1700 hours). Before registering, the candidates are advised to go through the instructions displayed on the website.

- पंजीकरण के बाद, आवेदकों को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जो कि भविष्य में उपयोग हेतु संभालकर रखी जाए। आवेदक की सही ई-मेल आईडी एवं मोबाइल संख्या अनिवार्य रूप से आवेदन में प्रदान की जाए। Upon registration, applicants will be provided with an **on-line Registration Number**, which should be carefully preserved for future reference. **E-mail ID and Mobile Number** of the applicant are to be furnished in the application **correctly** and **compulsorily.**

- आवेदन अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि (02.01.2025) के अंदर प्रस्तुत कर दे। केवल शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि (03.01.2025 को 1700 बजे) की अगली तिथि तक ऑनलाइन किया जा सकता है। Application has to be necessarily submitted within the due date (02.01.2025). Payment of Fee alone can be done online up to the next date of due date (1700 hrs of 03.01.2025).

- अभ्यर्थी को सभी भावी पत्राचार केवल उनकी पंजीकृत ई-मेल आईडी/एसडीएससी शार वेबसाइट द्वारा किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अपनी ई-मेल को नियमित रूप से देखें तथा एसडीएससी शार वेबसाइट भी समय-समय पर देखें। उपरोक्त के अनुसार भेजी/प्रदान की गई किसी जानकारी प्राप्त न होने के लिए एसडीएससी शार जिम्मेदार नहीं होगा, तथा इस विषय पर किसी प्रकार के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। All further communications to the candidate shall be through his / her registered e-mail ID / SDSC SHAR website only. The candidates are advised to check their e-mail regularly and visit SDSC SHAR website from time to time. SDSC SHAR will not be responsible for non-receipt of any intimation sent/provided as afore-said, and no representation on the matter will be entertained.

**<u>याद रखने योग्य महत्वपूर्ण तिथियां Important Dates to Remember</u>**:

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण खुलने की तिथि | **: 13.12.2024** | **(1000 बजे)** |
| **Opening Date for On-line Registration** | **:13.12.2024** | **(1000 Hours)** |
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | **: 02.01.2025** | (1700 **बजे**) |
| **Closing Date for On-line Registration** | **:02.01.2025** | **(1700 Hours)** |
| शुल्क भुगतान हेतु अंतिम तिथि | **: 03.01.2025** | (1700 **बजे**) |
| **Closing Date for Fee -payment** | **:03.01.2025** | **(1700 Hours)** |

अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://www.shar.gov.in (या) https://apps.shar.gov.in पर जाएं। **VISIT OUR WEB-SITE https://www.shar.gov.in/** (or) **https://apps.shar.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**

सरकार का प्रयास ऐसे कार्यबल का है जो लिंग अनुपात में समानता दर्शाता हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। **Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**

इसरो/एसडीएससी शार में शामिल होकर अपने भविष्य का निर्माण कीजिए
योग्य वैज्ञानिक समुदाय के साथ अपना ज्ञान साझा कीजिए।
राष्ट्रीय विकास में सहयोग दीजिए।
Join ISRO/SDSC SHAR and shape your career.
Share your knowledge with talented scientific community.
Support in National Development.